# प्रदेश में 4500 करोड़ से ज्यादा निवेश के लिए यूपीडा का 17 कंपनियों से करार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : बेंगलुरु में आयोजित एयरो इंडिया-2021 में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) और रक्षा क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के बीच 17 अनुबंध (एमओयू) हुए। इन एमओयू के जरिये प्रदेश में विकसित किये जा रहे डिफेंस कॉरिडोर में 4500 करोड़ रुपये का निवेश होगा। शुक्रवार को यूपीडा ने भारतीय वायु सेना, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, नैनो एयरोस्पेस लिमिटेड, भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल), नाइट्रोडायनमिक्स लिमिटेड, कल्याणी स्ट्रेटजिक सिस्टम्स, एसएमपीपी, माहेश्वरी वायर्स, रॉयल सेल्स, डेटम कंपोजिट्स, अंशु मेटल्स, ऑप्टिक इलेक्ट्रॉनिक्स, एमकेयू, पीटीसी और सारू स्मेल्टिंग शामिल हैं।